तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

11 ट्रैप कैमरे में कैद हुई वन्य जीवों की तस्वीरें

12 आजादी के 79 साल बाद बदली कुल्हाड़ीघाट की सूरत, नक्सल मुक्त होते ही पहाड़ों पर पहुंचा विकास




Sanjeevani Multispeciality Hospital
संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य
आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।
4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण
ADMISSION OPEN 2026-27
उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN
संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता
एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## बैरियर लगाने के फैसले का स्वागत, लेकिन वर्षों से बिखरी रेत दुपहिया चालकों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के भीतर से गुजरने वाली रेत भरी हाईवा गाड़ियों पर नगर पालिका परिषद और प्रशासन ने आखिरकार बैरियर लगाकर रोक तो लगा दी है। इस निर्णय का नगरवासियों ने हृदय से स्वागत किया है। क्योंकि लंबे समय से भारी वाहनों के आवागमन से लोग परेशान थे। लेकिन अब एक बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि वर्षों से इन हाईवा वाहनों से गिरती रही रेत, जो सड़क के दोनों किनारों पर ढेर बनकर जमा हो गई है, उसकी सफाई आखिर कौन करेगा? नगर के प्रमुख मार्गों पर आज भी बड़ी मात्रा में रेत बिखरी हुई दिखाई देती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से लेकर तहसील कार्यालय तक और दूसरी ओर महानदी पुल तक सड़क के दोनों किनारों पर रेत की परतें जमी हुई हैं। यह रेत अब लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही है। दोपहिया वाहन चालक, साइकिल सवार तथा स्कूटर चालक आए दिन इस रेत पर फिसल रहे हैं। कई लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं तो कई दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। सड़क पर बिखरी रेत के कारण अचानक वाहन असंतुलित हो जाते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय जब यातायात का दबाव अधिक रहता है, तब यह समस्या और गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हाईवा वाहनों ने वर्षों तक नगर की सड़कों पर रेत गिराई, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई है। अब जबकि प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही रोक दी है, तो केवल बैरियर लगाना ही पर्याप्त नहीं है। सड़कों पर जमा रेत की सफाई कर नागरिकों को सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**नगर के प्रमुख मार्गों पर आज भी बड़ी मात्रा में रेत बिखरी**




### तत्काल पहल की आवश्यकता

नगरवासियों के बीच चर्चा का विषय यह है कि यदि किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है तो उसकी जवाबदेही किसकी होगी? क्या प्रशासन सड़कों की विशेष सफाई अभियान चलाएगा? या फिर नागरिकों को इसी खतरे के बीच आवागमन करने के लिए छोड़ दिया जाएगा? जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर अब तत्काल पहल की आवश्यकता है। कायदे से लोक निर्माण विभाग और माइनिंग विभाग को सड़क किनारे जमा रेत को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जिला सोसायटी अध्यक्षों की बैठक आज

**राजिम।** 15 जून को दोपहर 12 बजे गरियाबंद जिले के सभी सोसायटी अध्यक्षों की बैठक छुरा रेस्ट हाऊस में रखी गई है। यह जानकारी देते हुए जेंजरा सोसायटी के अध्यक्ष महेश साहू ने बताया कि गरियाबंद जिले के महाअध्यक्ष जितेंद्र राजू सोनकर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दो पे चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

### सीएमओ ने किया सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा नगर के टाऊन हॉल के पास स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, रखरखाव एवं आवश्यक सुविधाओं में कई खामियां पाई गईं। शौचालय के कुछ हिस्सों में गंदगी, नियमित सफाई का अभाव तथा आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी देखी गई। सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी एवं कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पुलिस कार्रवाई : बाहरी लोगों और संदिग्धों के खंगाले जा रहे आपराधिक रिकॉर्ड

# दर्रापारा में 6 टीमों ने खंगाले 105 मकान किरायेदारों का किया गया भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय में बढ़ती आबादी और बाहर से आकर रह रहे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गरियाबंद पुलिस ने किरायेदार सत्यापन अभियान तेज कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर रविवार को सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दर्रापारा (केशोडार) में छह टीमों ने घर-घर पहुंचकर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान 105 मकानों का भौतिक सत्यापन किया गया और मकान मालिकों से किरायेदारों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की गई। पुलिस के अनुसार गरियाबंद जिला मुख्यालय होने के कारण विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा रोजगार और व्यवसाय के लिए बड़ी संख्या में बाहरी लोग किराये के मकानों में निवास करते हैं।

ऐसे में उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और वर्तमान गतिविधियों पर नजर रखना सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने किरायेदारों की जानकारी जुटाने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी बढ़ा दी है। उनके मूल निवास स्थान के संबंधित थानों से भी आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी मंगाई जा रही है। पुलिस आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर भी लगातार नजर बनाए हुए है।



**समाधान ऐप से भी होगा किरायेदार सत्यापन :** पुलिस ने मकान मालिकों को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रपत्र भरवाने के साथ-साथ /"समाधान ऐप/" के बारे में भी जानकारी दी। अधिकारियों ने मकान स्वामियों को ऐप के माध्यम से किरायेदारों का ऑनलाइन सत्यापन कराने के लिए प्रेरित किया और इसके महत्व से अवगत कराया।



### आगे भी जारी रहेगा अभियान

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में किरायेदार सत्यापन एवं सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों और मकान मालिकों से अपील की है कि वे किरायेदारों का सत्यापन कराकर पुलिस का सहयोग करें, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

## स्मार्ट मीटर में बढ़े हुए बिजली बिल और कटौती से उपभोक्ता परेशान

**राजिम।** प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर को लेकर उठ रहे सवाल और लगातार हो रही बिजली कटौती अब आम जनता की परेशानी के साथ-साथ सरकार के लिए भी एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनते जा रहे हैं। शहरों से लेकर गांवों तक उपभोक्ताओं में बिजली व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है।

आम लोगों का कहना है कि एक ओर भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल हो रही है, वहीं दूसरी ओर मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जा रही है। कई इलाकों में दिनभर बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने से घरेलू कामकाज, छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रही है। इधर स्मार्ट मीटर को लेकर भी लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि नए स्मार्ट मीटर पुराने मीटरों की तुलना में अधिक तेजी से चल रहे हैं, जिसके कारण बिजली खपत बढ़कर दिखाई दे रही है और बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। राजधानी रायपुर में ही हजारों उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर की जांच की मांग सोशल मीडिया में लगातार चल रहे है जिसकी चर्चा सड़को और गलीकुचे तक हो रही है। उपभोक्ता इस पूरे मामले की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने की मांग कर रहे हैं ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। सरकार ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा जरूर दी है, लेकिन इसके बाद बढ़ने वाले शुल्क और सरचार्ज से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में रसोई का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है और बिजली बिल घर के बजट को बिगाड़ रहा है। कई परिवारों को आवश्यक जरूरतों में कटौती कर बिजली बिल जमा करना पड़ रहा है। जानकारों का मानना ▶▶| शेष पेज 10 पर

- मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जा रही

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं, न्यूनतम रिस्पांस टाइम में पहुंचें घटना स्थल पर

**गरियाबंद।** जिले में आपातकालीन पुलिस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर (आईपीएस) ने डायल 112 में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। बैठक में रिस्पांस टाइम, शिकायतों पर की जाने वाली कार्रवाई और आम नागरिकों के प्रति व्यवहार की विस्तृत समीक्षा की गई। एसपी ने स्पष्ट किया कि डायल 112 पुलिस का पहला चेहरा है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सूचना मिलते ही डायल 112 वाहन न्यूनतम समय में घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित अथवा शिकायतकर्ता से संवेदनशील एवं विनम्र व्यवहार किया जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों और डार्क स्पॉट्स पर डायल 112 वाहनों को लगातार अलर्ट मोड में रखने के निर्देश भी दिए। एसपी ने कहा कि वाहनों में उपलब्ध वायरलेस सेट, जीपीएस और फर्स्ट एड किट जैसे सभी उपकरण हर समय चालू एवं उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए। किसी भी बड़ी या गंभीर घटना की जानकारी तत्काल ▶▶| शेष पेज 10 पर



## ग्राम उल्बा में युवक की क्षत-विक्षत लाश मिली

**अभनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उल्बा में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लगभग 25 से 30 वर्ष आयु के युवक का शव गांव के बाहर खेत के किनारे सुनसान स्थान पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों द्वारा शव देखे जाने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटाने के साथ ही शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने तथा जांच पूरी होने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## मातृशक्तियों ने चंपेश्वरनाथ महादेव का किया अभिषेक



**नवापारा-राजिम।** पुरुषोत्तम महिना के पावन अवसर पर विप्रकुल महिला मंडल द्वारा धर्म एवं श्रद्धा के वातावरण में चंपारण के चम्पेश्वर महादेव मंदिर में मातृशक्तियो ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने बताया कि पुरुषोत्तम मास सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी और विशेष महत्व वाला माना जाता है। इस मास में किए गए जप, तप, दान, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। भगवान विष्णु को समर्पित यह मास आत्मिक उन्नति, सदाचार, भक्ति एवं लोकमंगल का संदेश देता है। इसी पावन अवसर पर भगवान शिव का सहस्त्र जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ अर्जित किया। पूजन कार्यक्रम के दौरान भक्ति एवं आस्था का अदभुत वातावरण देखने को मिला। महिलाओं ने भजन-कीर्तन करते हुए भगवान शिव एवं भगवान विष्णु की आराधना की तथा पुरुषोत्तम मास के महत्व पर चर्चा करते हुए धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया। इस धार्मिक आयोजन में विप्र कुल महिला मंडल की संरक्षक रेखा शुक्ला, रमा शर्मा, विद्या तिवारी, महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा तिवारी, उपाध्यक्ष तनु मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा, सुषमा शर्मा, पूनम दीवान, भावना शर्मा, कुशाली दीवान, कुमुद पुराणिक, पुष्पांजलि तिवारी एवं मुक्ति शर्मा शामिल रही। कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आपसी सद्भाव, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। सहस्त्र जलाभिषेक के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने भगवान चम्पेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त कर पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर धर्ममय जीवन जीने का संकल्प लिया।



### सेमिनार में अफसरों ने युवाओं को दिए सफलता के मूल मंत्र

# सोशल मीडिया के भटकाव से दूर रहें छात्र : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला प्रशासन के तत्वावधान में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑक्शन हॉल में बेरोजगार युवक-युवतियों तथा स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय भव्य करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लेकर युवाओं को करियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और जीवन में सफलता के लिए आवश्यक मूल मंत्र बताए। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त करने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर बीएस उईके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, वनमंडलाधिकारी शशिगानंद, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप संचालक वरुण जैन, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर तथा डीएसपी गरिमा दादर सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कलेक्टर बीएस उईके ने विद्यार्थियों को कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों से अपनी रुचि के अनुरूप करियर का चयन करने और लक्ष्य निर्धारित करने के बाद सोशल मीडिया व अन्य भटकाव से दूर रहकर पूरी एकाग्रता के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया।



### तनाव प्रबंधन पर अफसरों ने दिए टिप्स

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने पुलिस सेवा और सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनने की सलाह देते हुए कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर नए उत्साह और दोगुनी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सेमिनार के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार और करियर विकल्पों की जानकारी भी दी। अंतिम चरण में आयोजित खुले संवाद सत्र में छात्र-छात्राओं ने तैयारी की शुरुआत, तनाव प्रबंधन और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे। अधिकारियों ने सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। जिला प्रशासन की इस पहल को युवाओं के लिए उपयोगी बताते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उनके करियर चयन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में नई दिशा प्रदान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर 19 से

**महासमुंद।** सर्व कबीरपंथी समाज बागबाहरा, पिथौरा एवं कबीर पंथी साहू समाज द्वारा अग्रसेन भवन तेंदूकोना में 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर आवासीय है, जिसमें बच्चों की रहने एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। सुबह 6 से 8,10 से दोपहर 1 बजे व शाम 4:30 से 6:30 तक बच्चों को सूरत गुजरात के कबीरपंथी संत विवेक साहेब, मधुरेंद्र साहेब व दामाखेड़ा के पवन साहेब प्रशिक्षण देंगे। शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे से 2 सौ रुपए ऐच्छिक सहयोग राशि रखी गई है। जानकारी देते हुए रोशन लाल साहू, डॉ. हेमलाल साहू, युवराज साहू, गौतमदास मानिकपुरी ने बताया कि शिविर में बच्चों को चरित्र निर्माण, संस्कार शिक्षा, योग एवं ज्ञान तथा भजन, सत्संग की शिक्षा दी जाएगी। अंतिम दिन शिविर में शामिल बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### स्मार्ट मीटर में बढ़े ...

है कि यदि बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर विवाद और बढ़ते बिलों की शिकायतों का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो यह मुद्दा आने वाले समय में सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। जनता को राहत देने, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने और बिजली व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना सरकार के लिए अब समय की आवश्यकता बन गई है। फिलहाल प्रदेश में बिजली व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों के बीच जनता की नजर सरकार और बिजली विभाग की आगामी कार्यवाही पर टिकी हुई है।

### लापरवाही बर्दाश्त ...

संबंधित थाना और वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाए, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि डायल 112 का मूल उद्देश्य संकट में फंसे नागरिकों को त्वरित राहत और सहायता उपलब्ध कराना है। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना की गई, जबकि कार्य में ढिलाई बरतने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात/डायल 112) सहित डायल 112 शाखा के प्रभारी अधिकारी और मैदानी कर्मचारी मौजूद रहे।

# चरौदा में शीतला माता मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, 6.50 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

स्थानीय ग्राम पंचायत चरौदा स्थित अंचल की आस्था के प्रमुख केंद्र शीतला माता मंदिर का अब जल्द ही कायाकल्प होने जा रहा है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू की विशेष अनुशंसा से मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 6.50 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम चरौदा में आयोजित पूर्व के एक कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू का आगमन हुआ था। उस समय स्थानीय ग्रामीणों व मंदिर समिति ने माता के इस पावन धाम के जीर्णोद्धार के लिए विधायक से मांग की थी, जिस पर विधायक ने शीघ्र राशि स्वीकृत कराने का मजबूत आश्वासन दिया था। अपना वादा निभाते हुए विधायक ने राशि मंजूर कराई, जिसके बाद उनकी गरिमामय अनुमति से विधायक के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान से भूमिपूजन तथा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### - अतिथियों ने फावड़ा चलाकर किया शुभारंभ, रोपे फलदार पौधे

शीतला माता मंदिर प्रांगण में आयोजित इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री भुवन साहू थे। विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद माता के दरबार में श्रीफल फोड़कर व फावड़ा



चलाकर जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही, विधायक के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए उपस्थित अतिथियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मंदिर परिसर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ग्राम पंचायत चरौदा में आयोजित इस मांगलिक और विकासपरक कार्यक्रम के दौरान सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सूरज पटेल, पंचायत सचिव चेतन साहू, पूर्व सरपंच नूतन मनोज पटेल, अभयराम सिन्हा, अनिल कुमार, प्राधिकृत अधिकारी इतवारी सिन्हा, भागवत सिन्हा, ललित सिन्हा, भूषण कुमार, मनीष कुमार, रेमन, पंच डोमन, रेवा राम, डॉ. विष्णु बंजारे, अनिता बाई, चमेली बाई, केवरा बाई, आसबाई सहित समस्त पंचगण, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पचासवीं बार रक्तदान करने पर आरक्षक अखिलेश का राजभवन में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर गरियाबंद पुलिस विभाग के आरक्षक अखिलेश वैष्णव को राजभवन में आयोजित समारोह में महामहिम राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया गया। थाना छुरा में पदस्थ आरक्षक अखिलेश वैष्णव को उनके 50वें स्वैच्छिक रक्तदान और लगातार किए जा रहे मानवीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

पुलिस विभाग में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ अखिलेश वैष्णव सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक कई जरूरतमंद मरीजों और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्तदान कर लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी सेवा भावना और नियमित रक्तदान की पहल ने उन्हें जिले में मानवता की मिसाल के रूप में स्थापित किया है।

विश्व रक्तदान दिवस पर मिले इस सम्मान को गरियाबंद पुलिस के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने आरक्षक अखिलेश वैष्णव को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि खाकी वर्दी केवल कानून-व्यवस्था की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और मानवता की सेवा में भी हमेशा अग्रणी रहती है। एसपी ने कहा कि अखिलेश वैष्णव का समर्पण और सेवा भाव अन्य पुलिसकर्मियों तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। 50वीं बार रक्तदान कर उन्होंने यह साबित किया है कि एक छोटी-सी पहल भी किसी के जीवन को बचाने का माध्यम बन सकती है।



## जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान





**नवापारा-राजिम।** श्री सत्यनारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री कंसारी समाज एवं श्री सत्यदेव युवा संगठन के तत्वावधान में लगातार सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग भी पहुंचे और रक्तदान किया। इस अवसर पर पालिका के सभापति सहदेव कंसारी,राजकुमार कंसारी,सुश्री सरोज कंसारी, डॉ तेजेंद्र साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रिहायशी इलाके में घर के भीतर मिली शराब बनाने की फैक्ट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घर के भीतर शराब बनाने की पूरी फैक्ट्री लगाए जाने की सूचना पर पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में 200 लीटर शराब जब्त की गई है। यह शराब घर के भीतर रखे 27 प्लास्टिक के ड्रमों में मिली। मामला जिले के बसना थाना के शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 का है जहां पुलिस को आवासीय क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी। अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान 14 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस सूचना की तस्दीक करने पहुंची थी। टीम तैयार कर संदिग्ध सान्ताबाई मधुकर पति स्व. सामप्यारा मधुकर (40 वर्ष) के घर में छापामारी की गई। संदिग्ध के कब्जे से उसके घर के आंगन में बिक्री हेतु रखी गई भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब व शराब बनाने मे प्रयुक्त बर्तन, गैस सिलेंडर, चूल्हा व अन्य सामग्री मिली, जिसे जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम को मौके पर प्लास्टिक के 27 बड़े ड्रमो में भरा हुआ महुआ लाहन पॉस मिला, जिससे आने वाले दिनों मे भारी मात्रा में महुआ शराब तैयार कर बिक्री करने की योजना थी, जिसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बसना में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# मेढ़ बना रहे थे खेत में, खोदाई के दौरान मिली प्राचीन मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के तकरीबन 8 किमी की दूरी पर बसे ग्राम बम्हनी में एक किसान द्वारा खेत की मेढ़ तैयार किए जाने के दौरान टूटी हुई मूर्तियां मिली। इन मूर्तियों के 8वीं से 10वीं शताब्दी के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ग्रामीण गोपाल साहू के खेत और सरकारी जमीन के बीच बन रहे मेढ़ बनाने के दौरान मूर्तियां पाए जाने के बाद तत्काल इसकी सूचना पुरातत्व विभाग को दी गई जिसके बाद विभाग की टीम शनिवार देर शाम बम्हनी पहुंची।

पुरातत्व विभाग की टीम ने प्रतिमाओं का अवलोकन किया और बताया कि प्रतिमाएं 8वीं शताब्दी के आस-पास की है और यहां पर मंदिर के भी अवशेष प्राप्त होने की संभावना जताई गई है। प्रतिमा की बनावट, कला



और पत्थर को देखकर विशेषज्ञों इसे प्राचीन काल का बता रहे हैं। बम्हनी में प्राचीन प्रतिमाएं मिलने के बाद आस-पास के लोग देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों में उत्सुकता भी बढ़ गई है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 68 यूनिट रक्तदान रक्तदाताओं-सहयोगी संस्थाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 68 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान वर्षभर रक्तदान एवं रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली माँ महामाया रक्तदाता सेवार्थ



समिति, बालाजी गोपाल सेवा समिति महासमुंद तथा माँ चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति बागबाहरा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के निर्देशन तथा डॉ. आई. नागेश्वर राव, सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला रेडक्रॉस अधिकारी एवं राज्य प्रतिनिधि के नेतृत्व में हुआ। आयोजन एवं संचालन में सभापति संदीप दीवान, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र राठौर, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, संरक्षक सदस्य महेन्द्र कुमार श्रीश्रीमाल एवं संरक्षक सदस्य मनोज पींचा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



## किसान राइस मिल में शुरु हुआ मैरिज पैलेस

**महासमुंद।** शहर के स्टेशन रोड स्थित किसान सहकारी राइस मिल के पास के नवीन मोहन मैरिज पैलेस का शुभारंभ के अवसर पर छग बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर मौजूद रहे। बता दें कि उक्त खाली जमीन पर वाहन रखने की पर्याप्त सुविधा मौजूद होगी।

# रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हुआ समर कैंप का समापन

**महासमुंद।** पीएमश्री बृजराज शाला में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा की एपीसी संपा बोस, एबीओ तारिका कुंजाम एवं हीना ढालेन उपस्थित रहीं।समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक जुम्बा नृत्य एवं गीतों से हुई, जिसकी अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहना की। इसके पश्चात अतिथियों ने समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी, हस्तनिर्मित सामग्री



एवं रचनात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। कैंप में बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक सेल्फी जोन में अतिथियों ने बच्चों और शिक्षकों के साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। समर कैंप में सक्रिय सहभागिता के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए एसएमसी अध्यक्ष अशोक नामदेव ने पेंसिल वितरित की। वहीं कैंप के सफल संचालन एवं बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों भारती सोनी, खेमीन साहू एवं दुर्गा यादव को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन संकुल समन्वयक सुरेंद्र तथा प्रधान पाठक गोमती साहू ने आभार प्रदर्शन किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने बच्चों के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीषा साहू, स्वातिसिन्हा, बिमलेश्वरी दुबे, देवेंद्र ठाकुर, सुशांत सर, मुन्ना भैया सहित विद्यालय परिवार, अभिभावकगण एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# विकसित भारत सम्मेलन में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा

**महासमुंद।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विकसित भारत सम्मेलन एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम सरायपाली स्थित गीता भवन में हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है तथा विकसित भारत-2047 का संकल्प देश के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही साकार होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी सरकार ने पारदर्शी शासन व्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना के विस्तार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला एवं युवा वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं और भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। विशेष अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, समर्पण और जनविश्वास के प्रतीक हैं। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया एवं नई शिक्षा नीति जैसे निर्णयों ने युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन किया है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार गौतम दास मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं विकसित भारत के संकल्प पर आधारित अपनी ओजपूर्ण कविता का प्रभावशाली पाठ किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स सरायपाली के सदस्यों को उनके सामाजिक योगदान एवं जनसहभागिता के लिए सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अतिथियों ने व्यापारिक समुदाय की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। मंच पर महासमुंद जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, सहसंयोजक छत्तीसगढ़ प्रकोष्ठ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, छतर सिंह नायक एवं संजय शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत-2047 के विजन एवं राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

### यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की भी समीक्षा

# निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर डीआरएम ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से जारी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शनिवार को संबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुभाष चंद्र चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाते हुए काम में तत्काल तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीआरएम ने स्टेशन भवन, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, सकुर्लेटिंग एरिया, फुट ओवरब्रिज तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंडल के वरिष्ठ डीईएन, वरिष्ठ डीएसटीई सहित रेलवे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

जानकारी के अनुसार, अगस्त 2023 में शुरू हुई यह महत्वाकांक्षी परियोजना निर्धारित समय-सीमा में पूरी होनी थी, लेकिन अब भी कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे हैं।



इस पर नाराजगी जताते हुए डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट तलब की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी कार्य रेलवे के निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं। साथ ही निर्माण एजेंसियों को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने और कार्यस्थल पर पर्याप्त श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को यात्रियों के लिए बेहतर और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने कहा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महासमुंद स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### डीआरएम से मिले नपा उपाध्यक्ष, सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। संबलपुर रेलवे डिवीजन के डीआरएम के आगमन की जानकारी होने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, भाजपा नेता राजू चंद्राकर, सूर्या ठाकुर, ज्ञान चोपड़ा ने



स्थानीय रेलवे स्टेशन में ज्ञापन सौंपकर चर्चा की। राठी ने शहर के वार्ड क्रमांक 1 शंकर नगर से इमलीभाठा जाने वाले मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाए जाने की मांग की। राठी ने डीआरएम से रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता पर ध्यान नहीं रखे जाने की भी बात कही। उन्होनें मेन गेट से अंदर स्टेशन में जाने पर अंदर की तरफ शेड निर्माण की मांग के साथ दलदली रोड के रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव दिए जाने के बावजूद अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने की बात कही। डीआरएम ने गंभीरता से विचार कर निर्णय लेने की बात कही।

**खबर संक्षेप**



## मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया अज्ञात व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**महासमंद।** जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र में शिकार करने गए युवक की करंट की चपेट में आने से हुई मौत के बाद मृतक का कोई परिजन सामने नही आया। इस पर पुलिस ने अंतिम संस्कार का जिम्मेदारी मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपी। समिति के सदस्यों ने उक्त मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान समिति के सदस्य डॉ जितेन्द्र शुक्ला, फगुआ पटेल, सुरेश साहू, ओमप्रकाश औसर, संजय साहू, डॉ एजाज नकवी, राजू चंद्राकर, मनोज पटेल, गुमान जैन, नेमू निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

## भोरिंग में लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान

**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा की अनुशंसा एवं सतत प्रयासों से ग्राम भोरिंग के वार्ड क्रमांक 17 स्थित अटल बाजार चौक में लंबे समय से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या का समाधान हो गया है। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा लगातार कम वोल्टेज की समस्या को लेकर शिकायतें की जा रही थीं, जिसके कारण लोगों को दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक सिन्हा ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। इसके परिणामस्वरूप वार्ड क्रमांक 17 में लगे 65 केवी क्षमता वाले पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर 100 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से अब क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पहले की तुलना में अधिक सुचारु एवं बेहतर हो गई है।

# ट्रैप कैमरे में कैद हुई वन्य जीवों की तस्वीरें

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व जंगल क्षेत्र दुर्लभ वन्य प्राणियों से भरा है और यहां से आए दिनों अनेक तस्वीर निकलकर सामने आती है। आज फिर एक बार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए ट्रेप कैमरा में वन्य प्राणियों की तस्वीर कैद हुई है जिसे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने उपलब्ध कराई है।







## रबी फसल धान की अंधाधुंध खेती भूजल के लिए बन रही खतरे की घंटी

# रबी धान की सिंचाई से कुएं-तालाब सूखे लो-वोल्टेज और बिजली कटौती का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



प्रदेश में वर्षों से धान प्रमुख फसल के रूप में उगाई जाती रही है। किसानों को धान उत्पादन से आर्थिक लाभ भी मिलता है, लेकिन अब यही फसल जल संकट का बड़ा कारण बनती जा रही है। कृषि विशेषज्ञों और पर्यावरण से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते फसल चक्र में बदलाव नहीं किया गया और भूजल दोहन पर नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आने वाले वर्षों में स्थिति बेहद गंभीर हो सकती है। गांवों और शहरों में लगातार गिरते भूजल स्तर ने चिंता बढ़ा दी है। धान की खेती में अन्य फसलों की तुलना में कई गुना अधिक पानी की आवश्यकता होती है। खरीफ सीजन में वर्षा का पानी धान की फसल को कुछ हद तक सहारा देता है, लेकिन रबी सीजन में बड़ी मात्रा में बोरवेल और ट्यूबवेल के माध्यम से भूजल का दोहन किया जाता है। इसका सीधा असर जलस्तर पर पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में पहले जहां 50 से 100 फीट पर पानी मिल जाता था, वहीं अब 300 से 500 फीट या उससे अधिक गहराई तक बोरिंग करनी पड़ रही है। राजिम सोसायटी अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर का कहना है कि यदि हर वर्ष इसी प्रकार पानी की अधिक खपत वाली फसलों का रकबा बढ़ता रहा तो जल संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। इसका असर केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आम नागरिकों, पशुओं, पक्षियों और समूचे पर्यावरण को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। गांवों के तालाब, कुएं और जलस्त्रोत पहले ही सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए हाहाकार की स्थिति बनने लगी है। श्री सोनकर ने कहा कि जल संकट के साथ-साथ बिजली व्यवस्था पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। भूजल स्तर नीचे जाने से किसानों को अधिक क्षमता वाले पंप चलाने पड़ते हैं, जिससे बिजली की खपत बढ़ती है। कई क्षेत्रों में कृषि पंपों के कारण विद्युत तंत्र पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। परिणामस्वरूप बार-बार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज जैसी समस्याएं सामने आती हैं। इसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भी भुगतना पड़ता है। श्री सोनकर ने बताया कि वे खुद चार-पांच स्थानो पर बोर कराए परंतु 400-500 फीट तक पानी नही निकला।

**- तात्कालिक लाभ के चक्कर में राजनीति से ऊपर उठें दलः कैलाश शुक्ला**

नवापारा के समाजसेवी कैलाश शुक्ला का कहना है कि इस विषय पर प्रायः राजनीति भी शुरू हो जाती है। जब भी पानी बचाने या फसल परिवर्तन की बात होती है तो राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार बयानबाजी करने लगते हैं। लेकिन यह विषय राजनीति से ऊपर उठकर देखने का है। जल संकट किसी एक दल, वर्ग या क्षेत्र की समस्या नहीं बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों से जुड़ा प्रश्न है। यदि आज केवल तात्कालिक लाभ और व्यक्तिगत स्वार्थ को प्राथमिकता दी गई तो भविष्य में सभी को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ईधर पर्यावरणविदों का कहना है कि जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना होगा। किसानों, सरकार, प्रशासन और आम नागरिकों को मिलकर पानी बचाने की दिशा में काम करना होगा। वर्षा जल संचयन, तालाबों का संरक्षण, पारंपरिक जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन और फसल चक्र में सुधार जैसे कदम समय की मांग बन चुके हैं। यदि आज भी समाज नहीं चेता तो वह दिन दूर नहीं जब पीने के पानी के लिए लंबी कतारें लगेंगी, खेत सूख जाएंगे और जल संकट जीवन की सबसे बड़ी चुनौती बन जाएगा। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और ऐसी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिले जो विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रख सकें। पानी केवल वर्तमान की जरूरत नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है, जिसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नागाबुडा में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा का संदेश



**गरियाबंद।** जिले में सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस लगातार लोगों को जागरूक करने के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में ग्राम नागाबुडा में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों के पालन का संदेश देकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

नुक्कड़ नाटक में बच्चों ने प्रभावशाली अभिनय के जरिए बताया कि नशे की लत किस तरह एक खुशहाल परिवार को बर्बादी की ओर धकेल देती है। छात्रों ने संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। बच्चों की प्रस्तुति से प्रभावित ग्रामीणों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा को लेकर भी विशेष संदेश दिया गया। छात्रों ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले खतरों को नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही का परिणाम होती हैं और /"सतर्कता ही सुरक्षा/" का मूल मंत्र अपनाकर हादसों को रोका जा सकता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। जब स्कूली बच्चे स्वयं जागरूकता की जिम्मेदारी उठाते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को अच्छे संस्कार देने, यातायात नियमों का पालन करने तथा अवैध नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम नागाबुडा के सरपंच, पंच, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती समारोह 17 जून को



**राजिम।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 के तत्वावधान में 17 जून को राजिम में प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह श्रद्धा, गौरव एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन का संचालन उपसमिति राजिम एवं केंद्रीय युवा मंडल द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। आयोजन में विशाल रक्तदान शिविर, महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य शिविर, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगोष्ठी, शौर्य प्रदर्शन तथा विशाल शोभायात्रा प्रमुख आकर्षण रहेंगे। दोपहर में भोजन प्रसादी एवं मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम को निकलने वाली भव्य शौर्य शोभायात्रा में प्रदेश सहित देशभर से समाजजन, युवा, महिलाएं एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस करेंगे। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम की जानकारी उपसमिति के सक्रिय सदस्य आकाश सिंह राजपूत द्वारा दिया गया।

# स्कूल की दहलीज पर 32 साल बाद लौटे 1995 बैच के साथी, यादों की ताजगी पर छलके आंसू

**नवापारा-राजिम।** आदर्श शासकीय हरिहर हायर सेकेंड्री स्कूल में अध्ययनरत वर्ष 1995 बैच के छात्र-छात्राओं का रविवार को भावनात्मक पुनर्मिलन हुआ। करीब 32 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले पूर्व विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। स्कूल परिसर में पहुंचते ही सभी अपने छात्र जीवन की यादों में खो गए और पुरानी स्मृतियों को ताजा करते हुए भावुक नजर आए। पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और यहां की हरियाली, स्वच्छता तथा शैक्षणिक वातावरण को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के बावजूद स्कूल से जुड़ी यादें आज भी उनके दिलों में जीवित हैं। इस अवसर पर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने गंज मार्ग में बाइक रैली निकालकर समाज को मित्रता, एकता और आपसी प्रेम का संदेश दिया। रैली के दौरान उन्होंने लोगों को यह संदेश दिया कि समय भले ही बदल जाए, लेकिन विद्यार्थी जीवन में बने रिश्ते और मित्रता की डोर कभी कमजोर नहीं होती। पुनर्मिलन समारोह के दौरान पुराने साथी एक-दूसरे से गले मिले, बीते दिनों की घटनाओं को याद किया और स्कूल के दिनों में बिताए गए सुखद पलों को साझा किया। किसी ने कक्षा की शरारतों को याद किया तो किसी ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुशासन की चर्चा की।

- गंज मार्ग में बाइक रैली निकाल कर दिया अटूट दोस्ती का संदेश



### कक्षा की शरारतें और गुरुओं का अनुशासन हुआ याद

वर्षों बाद हुई इस मुलाकात ने सभी को भावुक कर दिया। इन विद्यार्थियों में बलराम देवांगन,ज्ञानेश शर्मा, जित्तु भट्ट, सुशील सिंघई, राजा चांवला, आलोक पहाड़िया, यशवंत सोनी, धीरेंद्र शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन का प्रेम, स्नेह, अपनापन और निष्कपट मित्रता जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है। आज 32 वर्षों बाद जब सभी साथी एक मंच पर एकत्र हुए तो ऐसा लगा मानो समय फिर से पीछे लौट आया हो। इस पुनर्मिलन ने सभी को मानसिक सुकून और आत्मीयता का अद्भुत एहसास कराया। रविवार का दिन पूर्व विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया। हंसी-खुशी, पुरानी यादों और आपसी संवाद के बीच सभी ने इस मिलन समारोह का भरपूर आनंद उठाया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, आत्मीयता और भाईचारे का अनूठा वातावरण देखने को मिला। एक साथ इकट्ठे हुए 70 विद्यार्थियों ने स्कूल के प्राचार्य मैम का सम्मान किया और ढोल-ढमाको के साथ आपस में नाचते-गाते इंजाय भी किए।

फोटो नं 08







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



खबर संक्षेप

### मोदी के सफल नेतृत्व भारत के परिवर्तन की ऐतिहासिक यात्रा



**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4399 दिनों 12 वर्ष से अधिक के कार्यकाल के साथ भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवारत प्रधानमंत्री में से एक के रूप में इतिहास रचने पर प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने देशवासियों एवं नरेंद्र मोदीजी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुवे कहा कि मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल में भारत की बुनियादी ढांचे, कल्याणकारी योजनाओं और वैश्विक कद को एक नया आयाम दिया है। मोदी जी के नेतृत्व के 12 वर्षों में देश में पहली बार गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को समानांतर रूप से चरितार्थ होते देखा है। चाहे 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन देना हो या देशभर में 90 से अधिक एयरपोर्ट और 140 से अधिक वंदे भारत ट्रेन चालू करने हो, चाहे 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को के मकान देने हो या 1.45 लाख किलोमीटर किलोमीटर पक्का सड़क और 3000 किलोमीटर की आधुनिक एक्सप्रेस बने हो, चाहे 50 करोड लोगों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 10 करोड़ से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन देने को या भारत को दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाना हो।

### मोदी का कार्यकाल आत्मनिर्भर के स्वर्णिम युग का प्रतीक : मरकाम



**रसेला।** भाजपा मंडल मलेवा अंचल के मंत्री भुवेन्द्र मरकाम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर इसे भारत के नवजागरण, सुशासन, जन विश्वास और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में वर्णित किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रारंभ हुई यह यात्रा केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं थी, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, सपनों और आत्मविश्वास को नई उड़ान देने वाली ऐतिहासिक शुरुआत थी। मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व मंच पर अपनी एक नई और सशक्त पहचान स्थापित की है। आज भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने वाला आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र बनकर उभरा है।

### गाली-गलौज कर पत्नी को पीटा

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम कुटेला निवासी मनीषा दास ने बताया कि उसकी शादी ग्राम रेमड़ा के खिरोद से सामाजिक रीति -रिवाज से हुई है। उसके पति ने नशे की हालत में घरेलू बात को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## ओडिशा के रास्ते 31 किमी दुर्गम रास्ता पार कर ट्रैक्टरों से पहुंच रही निर्माण सामग्री

# आजादी के 79 साल बाद बदली कुल्हाड़ीघाट की सूरत, नक्सल मुक्त होते ही पहाड़ों पर पहुंचा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

- ताराझर में स्कूल और आंगनबाड़ी भवन तैयार

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम जो बिहड़ पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है इन ग्रामों में आजादी के 79 वर्षों बाद भी ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट जो विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी ग्राम के नाम से पूरे प्रदेश में जाना जाता है और यहां पंचायत क्षेत्र घुर नक्सल प्रभावित माना जाता था यहां के पहाड़ी में हॉडकोर नक्सली नेता जयराम चलपती के साथ दर्जनों नक्सलियों को पुलिस ने मुठभेड़ मार गिराया, और मार्च 2026 में अब छत्तीसगढ़ के साथ गरियाबंद जिला नक्सली मुक्त घोषित होने के बाद अब नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य प्रारंभ हो गए हैं और तो और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित लगातार अफसर भी पहुंचने लगे हैं कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम जो दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है जिसमें ग्राम कुरवापानी, ताराझर, लब्ध नहीं हो पा रही है क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण और लंबे समय से नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण यह क्षेत्र विकास के कम से बेहद पिछड़ा गया है।





### पहली बार पहाड़ पर हो रहा ऐसा निर्माण

ग्राम पंचायत कुल्हीघाट के सचिव प्रेम ध्रुव ने बताया की कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत क्षेत्र में आवास निर्माण कार्य युद्ध गति से किया जा रहा है। पहाड़ी के ऊपर बसे होने के कारण ताराझर में आंगनबाड़ी और स्कूल भवन निर्माण के लिए रेत और निर्माण सामग्री पहुंचाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ओड़ीसा रास्ता से सामग्रियों को पहुंचाया जा रहा है जल्द भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा और इसका लाभ यहां के बच्चों को मिलेगा सचिव प्रेम ध्रुव ने बताया पहाड़ी के ऊपर पहली बार स्कूल और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।




### - ताराझर के बच्चों को जल्द नसीब होगा स्कूल और आंगनबाड़ी भवन

पहाड़ी के ऊपर बसे ताराझर ग्राम में 25 वर्षों से शासकीय प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है और यहां स्कूल भवन निर्माण के लिए चार बार पूर्व में राशि स्वीकृत हो चुकी है लेकिन अब तक स्कूल भवन निर्माण नहीं होने के कारण इस विद्यालय के लगभग 25 से 30 बच्चे पेड़ के नीचे या किसी के झोपड़ी में पढ़ाई करने विवश होते हैं। आज तक यहां की स्कूल भवन का निरीक्षण करने जिला के अफसर तो बहुत दूर ब्लॉक के बीईओ तक नहीं पहुंच पाए हैं, अब ताराझर में नया स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसकी लागत लगभग 11-11 लाख रुपया बताई जा रही है। पहाड़ी के ऊपर होने के कारण ताराझर में स्कूल भवन का निर्माण करना किसी चुनौती से काम नहीं है। पहाड़ी के ऊपर बसे होने के कारण यहां सबसे पहले निर्माण सामग्री पहुंचाना बहुत मुश्किल का काम है ऊपर से यहां निमार्ण कार्य के लिए रेत नहीं मिलता, ऐसे में ओड़ीसा के रास्ते ताराझर तक पहुंचने के लिए जैसे तैसे बड़े-बड़े पत्थरों को काटकर अस्थाई सड़क का निर्माण किया गया है और ओड़ीसा होते हुए निर्माण कार्य के लिए रेत और गिट्टी तथा निर्माण सामग्री मुश्किल से यहां पहुंचाई जा रही है ओड़ीसा रास्ते में लगभग 27 किलोमीटर पहाड़ी पत्थरों को पार कर और चार किलोमीटर खड़ी पहाड़ी चढ़ना से ट्रैक्टर के सहारे निर्माण सामग्री पहुंचाना किसी चुनौती से काम नहीं है बावजूद इसके स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवन लेटर लेवल तक कार्य पूरा हो चुका है और यहां के ग्रामीणों में अब उम्मीद जगी है कि जल्द ही स्कूल और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा और यहां के बच्चों को पहली बार स्कूल भवन में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा, गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर के निर्देश पर यहां बच्चों के समस्याओं को देखते हुए स्कूल और आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य बाद तेजी से किया जा रहा है, यहां स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवन निर्माण में यदि सफलता मिलती है तो निश्चित रूप से अन्य विकास कार्य भी यहां तेजी से होने लगेंगे जिसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

### 200 से ज्यादा आवास बनाकर तैयार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार द्वारा जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति परिवारों के लिए ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में 353 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, और 200 से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है इस क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री आवास किसी वरदान से काम नहीं है यह क्षेत्र शुरू से वन्य प्राणियों के साथ जंगली हाथियों का रहनवास क्षेत्र के रूप में जाना जाता है और कच्चे मकान होने के कारण हाथियों के द्वारा हर वर्ष गांव में घुसकर अब तक सैकड़ो मकानों को जहां तोड़फोड़ कर ग्रामीणों के सामग्री को नष्ट किया गया है वहीं कई ग्रामीण पूर्व वर्षों में हाथियों के शिकार भी हुए हैं हाथियों के दल गांव के नजदीक विचरण करने पर यहां के ग्रामीणों को रात रात भर जाकर गांव और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए रातजग करना पड़ रहा है लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध होने से काफी हद तक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होते दिखाई दे रहा है। कुल्हाड़ीघाट पंचायत सहित क्षेत्र के अनेक विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामो के ग्रामीण दयाराम कमार , लखन कमार,जुगनी कमार,बसंत कमार,धनकुंवर कमार, विशाल कमार, मंगल सिंह सोरी, भंवर सिंह सोरी, राधेलाल नेताम एवं ग्रामीणों ने बताया प्रधानमंत्री आवास निर्माण से उनके जिंदगी में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के तहत ग्राम अतरमरा में शक्तिकेंद्र अतरमरा की आवश्यक मासिक बैठक एवं प्रबुद्धजनो से जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शक्तिकेंद्र अतरमरा की मासिक बैठक से हुई, जिसमें संगठनात्मक विषयों, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी की विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष अभियान एक पेड़ माँ के नाम को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि शक्तिकेंद्र अंतर्गत प्रत्येक बूथ में कम से कम 100 पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में जनभागीदारी का संदेश भी प्रसारित हो सके। वीरेंद्र साहू ने कहा कि जनता का अटूट विश्वास ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को लेकर निरंतर समाज के बीच कार्य कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य तभी साकार होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इस विकास यात्रा में सहभागी बनेगा।

### ये थे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, मन की बात जिला प्रभारी एवं शक्तिकेंद्र अतरमरा प्रभारी विरेंद्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, जनपद सदस्य एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष दुलारी साहू, मंडल मंत्री हेमलता साहू, शक्तिकेंद्र संयोजक टीकम सिन्हा, सह-संयोजक गुलाब यादव, अतरमरा सरपंच केजाबाई सोम, बूथ अध्यक्ष रामकुमार यादव, युवा नेता हेमंत निर्मलकर, जगत सिन्हा, गिरवर साहू, एस. कुमार सिन्हा, प्रकाश साहू, शत्रुघ्न पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण, संगठन की मजबूती तथा सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को लेकर निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने मुख्यमंत्री का निर्णय स्वागत योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन निर्देशों के तहत प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र 2026–27 से प्रार्थना सभा एवं अन्य अवसरों पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, महापुरुषों की जीवनी का वाचन, भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र तथा शांति मंत्र के नियमित आयोजन का निर्णय स्वागत योग्य है।

उक्त बातें कहते हुए भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री दिनेश सचदेव ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा स्कूल शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं से उन्हें जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने आगे कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ग्रहण करने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की पाठशाला भी हैं। साथ ही महापुरुषों की जीवनी का नियमित वाचन बच्चों को आदर्श जीवन मूल्यों की प्रेरणा देगा।

# युवाओं ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**फिंगेश्वर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं युवा प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद के मार्गदर्शन में गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर में पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सुबह योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण शामिल है। टोली नायक एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक सुरेन्द्र गुप्ता ने संस्कारों का ज्ञान विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया। सुश्री रोमा साहू ने गायत्री का महाविज्ञान के बारे में जानकारी दी। बाल संस्कार शाला संचालन के बारे में चेतना चौहान सावित्री गठेवाल ने बहुत ही रोचक ढंग से प्रशिक्षण दिए।सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया युवा पीढ़ी में नशे की आदत निरंतर बढ़ते जा रही है बच्चे गुटखा बीड़ी शराब के नशे में अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं नशे से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही बच्चों ने नशा न करने का संकल्प भी लिया। उसके पश्चात युवा मंडल का गठन और युवा शक्ति का आह्वान पर प्रकाश डाला गया। हरिशंकर सिन्हा, तेज राम विश्वकर्मा, सुमित्र साहू, भोज कुमारी साहू की टोली द्वारा सुमधुर संगीत की प्रस्तुति दीग गई। ब्लॉक समन्वयक टीकम सेन ने पोड में होने वाले 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के बारे में जानकारी दी। शिविर को सफल बनाने में एच एल साहू,जगदीश साहू,परमानंद यादव गोविंद साहू,घनाराम साहू, रोशन देवांगन,चेतन सिन्हा,कोमल सिन्हा बिंदा सिन्हा, कुलेश्वर प्रजापति, संतोष कुमार साहू, पूरन साहू मेशराम, बलराम साहू, उमेश साहू, पूर्णिमा यादव, टोपेश्वरी सिन्हा, यश सिन्हा, अर्जुन सिन्हा, खुमीन सिन्हा, विष्णु राम सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा आस्था का विशेष योगदान रहा।





# विद्यालयों में प्रबंधन समिति के लिए शिक्षा विभाग का निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

16 जून से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के कलेक्टर्स व डीईओ को पत्र लिखकर सभी स्कूलों में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करने का आदेश दिया है। समिति गठन के लिए मापदंड भी तय कर दिया है। समिति का कार्यकाल दो साल का होगा। समिति में किसे शामिल करना है, यह भी तय कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी पत्र में लिखा है, 06 मई, 2026 को भारत सरकार द्वारा जारी में विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) की नई दिशा-निर्देश जारी की जा रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति में प्रारंभिक विद्यालय से माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 12वीं तक) तक शामिल होगी और इसे विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (SMDC) की जगह लागू किया जाएगा।विद्यालय प्रबंधन समिति, विद्यालय संचालन की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए गठित की गई है ।



विद्यालय प्रबंधन समिति में विद्यार्थियों के अभिभावक, संरक्षक, स्थानीय प्राधिकरण का प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ, विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी और वंचित समूहों के प्रतिनिधि इत्यादि शामिल होंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति में सदस्यों की संख्या बच्चों के नामांकन के आधार पर निर्धारित की जाएगी- अधिकतम 100 विद्यार्थी, 12-15 सदस्य, 100-500 विद्यार्थी, 15-20 सदस्य, 500 से अधिक विद्यार्थी, 20-25 सदस्य होगे। एसएमसी की कुल सदस्य संख्या का 75 प्रतिशत बच्चों के अभिभावक या संरक्षक में से होना चाहिए तथा शेष 25 प्रतिशत सदस्य इन व्यक्तियों में से चुने जाएंगे: एक तिहाई सदस्य स्थानीय प्राधिकरण (नगर निगम/नगर परिषद/जिला परिषद्/नगर पंचायत/पंचायत) के निर्वाचित सदस्यों में से, जिन्हें स्थानीय प्राधिकरण द्वारा चुना जाएगा। (ख) एक तिहाई सदस्य विद्यालय के शिक्षकों में से, जिन्हें विद्यालय के शिक्षकों द्वारा चुना जाएगा। शेष एक तिहाई सदस्य स्थानीय शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ, अकादमिक, वरिष्ठ एवं पूर्व विद्यार्थी समुदाय के अग्रिम कार्यकर्ता जैसे- आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता और सहायक नर्स मिडवाइफ जो विद्यालय के आसपास कार्यरत हो- में से चुने जाएंगे। इन सदस्यों का चयन समिति के अभिभावक प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। समिति कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी तब तक जारी रह सकती है जब तक नई समिति का गठन नहीं हो जाता।

## अटल टनल, रोहतांग और मनाली में समझा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र

# प्रदेश की 26 सदस्यीय टीम ने किया हिमाचल का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 6 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक एवं पर्यावरणीय अध्ययन भ्रमण ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन,सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा शिक्षा नवाचार के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है।छत्तीसगढ़ से 26 सदस्यीय टीम ने कुल्लू, मनाली, रोहतांग दर्रा, अटल टनल, सोलन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र,स्थानीय संस्कृति,जैव विविधता एवं सतत विकास के विविध आयामों का अध्ययन किया। इस अध्ययन यात्रा का नेतृत्व प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के संरक्षक लखन लाल साहू द्वारा किया गया, जबकि पर्यावरण विशेषज्ञ एवं व्याख्याता मनीष कुमार अहीर ने पूरी यात्रा के दौरान पर्यावरणीय अध्ययन, जैव विविधता अवलोकन तथा शैक्षणिक गतिविधियों का मार्गदर्शन किया। टीम के सदस्यों ने विभिन्न स्थलों पर स्थानीय समुदायों, शिक्षकों, किसानों एवं विशेषज्ञों से संवाद कर पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के सफल मॉडलों को समझा। यात्रा के दौरान टीम ने व्यास नदी के तटीय पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन किया तथा हिमालयी नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण और जलीय जैव विविधता के महत्व को जाना। कुल्लू-मनाली क्षेत्र में देवदार, चीड़, सेब बागानों, पर्वतीय कृषि प्रणालियों एवं स्थानीय वन्य जैव विविधता का अवलोकन किया गया। स्थानीय किसानों से चर्चा कर सीढ़ीदार खेती, जल संरक्षण तकनीकों तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली की जानकारी प्राप्त की गई। रोहतांग दर्रा एवं अटल टनल के अध्ययन ने प्रतिभागियों को उच्च हिमालयी पारिस्थितिकी, ग्लेशियरों, जलवायु परिवर्तन तथा आधुनिक इंजीनियरिंग और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य को समझने का अवसर प्रदान किया। टीम ने हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते पर्यावरणीय दबावों और संरक्षण की चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया।







### संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के नवाचारों की गूंज

इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों एवं शिक्षाविदों के साथ शिक्षा नवाचार, अनुभव साझा करने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को एक-दूसरे की कार्यप्रणालियों और नवाचारों को जानने का अवसर मिला। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छत्तीसगढ़ टीम के लखन लाल साहू, मनीष कुमार अहीर, भुवनेश्वर मरकाम, बृजलाल मंडावी, कुमार मंडावी, पूरन लाल साहू, आत्माराम साहू, नीलिमा गौतम, क्षमा उइके, रेणु प्रधान, संतोषी डनसेना, रजिया अंजुम शेख, मुजिम शेख, जागृति मीरे, रविराज मीरे, अर्पित मीरे, उमेश्वरी साहू, उषा किरण मंडावी, अनिता मंडावी, हेमलता मरकाम, भूयांश मंडावी, खुशबू साहू, विक्रमादित्य साहू, गीतिका साहू उपस्थित थे।

## साइकिल दिवस पर कॉलेज से शर्मा चौक तक निकाली जागरूकता रैली




**राजिम।** रविवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर राजिम कॉलेज से पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक तक सायकिल रैली निकाली गई जिसमें क्रीड़ा भारती जिलाअध्यक्ष शरद पारकर, पुरन यादव,रमेश पटेल ,राजेश धीवर,कैलास साहू, प्रेमसिंग नागेश ,चित्रलेखा नागेश, निराली यादव, खुशी यादव, सुनीता देवांगन, ओमप्रकाश साहू, कौशल मानिकपुरी, जिनेंद्र पारकर, श्रेया ठाकुर, इशिता नागेश, अमन, ओजश, मानश, नाभिया शामिल हुए। इन्हे पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने बधाई दी। इस अवसर पर अजय साहू, भरत यादव, कुलेश्वर साहू, बलराम यादव, अजय पटेल, सुरेश पटेल, गज्जू ठाकुर, पवन सोनी, लीलेवर यदु,कुंदन सोनी मौजूद थे। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि यह सायकल रैली स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत, फिट इंडिया, पर्यावरण व स्वच्छता जागरूकता अभियान तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल बचत अभियान, साइकिल उपयोग करने से देश में पेट्रोल की बचत होगी। शरीर भी स्वस्थ रहेगा।